# वार्षिक परीक्षा

# डी. एल. डी. ए. वी. मॉडल स्कूल

# कक्षा - तीसरी, हिंदी

**समय: 40 मिनट** **अंक: 20**

**प्रश्न 1- निम्नलिखित गद्यांश को पढ़ कर नीचे दिए प्रश्नों के सही उत्तर चुनिए-**

प्रकाश की किरण जब आकाश में बरसने वाली पानी की बूंदों से गुज़रती हैं, तो पानी की बूंदे उसे परिवर्तित कर देती हैं जिसके कारण इंद्रधनुष का निर्माण होता है । इंद्रधनुष में सात रंग होते हैं - बैंगनी, गहरा नीला, नीला, हरा, पीला, नारंगी, और लाल। इंद्रधनुष देखने में काफ़ी मनमोहक लगता है। बरसात के मौसम में जैसे ही आकाश में इंद्रधनुष यानी कि रैंबो निकला हुआ दिखाई देता, लोग अपनी-अपनी छत पर आकर इंद्रधनुष को देखते हैं। इंद्रधनुष का जो बाहरी हिस्सा होता है वह लाल रंग का दिखाई देता है। लाल रंग के बाद में हमें इंद्रधनुष के अंदर नारंगी, पीला, हरा, नीला, गहरा नीला और बैंगानी रंग दिखाई देता है। इंद्रधनुष में मौजूद लाल रंग ताकत का प्रतीक माना जाता है, नारंगी रंग आज़ादी का प्रतीक माना जाता है, पीला रंग ज्ञान का प्रतीक माना जाता है, हरा रंग सेहत का प्रतीक माना जाता है। इसमें मौजूद नीला रंग नई सोच को दिखाता है। इंद्रधनुष में मौजूद गहरा नीला रंग जिज्ञासा का प्रतीक माना जाता है और इसमें मौजूद बैंगनी रंग अध्यात्म का प्रतीक होता है।

LIVEWORKSHEETS

**गद्यांश के आधार पर उत्तर दें**

1- इंद्रधनुष का निर्माण कैसे होता है?

क) तेज़ धूप जाने पर

ख) प्रकाश की किरण वृक्ष से गुज़रने पर

ग) प्रकाश की किरण कण-कण से गुज़रने पर

घ) प्रकाश की किरण बरसने वाले पानी से गुज़रने पर

2- नीचे दी हुई पंक्ति गद्यांश के आधार पर पूरी कीजिए-

इंद्रधनुष देखने में काफ़ी __________ लगता है।

क) अद्‌भुत

ख) प्रशंसा योग्य

ग) रंगीला

घ) मनमोहक

3- नीचे दिए हुए रंगों में से इंद्रधनुष के रंग चुनिए

सफेद गुलाबी लाल पीला नीला

काला हरा नारंगी सुनेहरा बैंगनी

4- 'इंद्रधनुष में सात रंग होते हैं'

इस वाक्य में **सात** क्या है?

क) संज्ञा

ख) क्रिया

LIVEWORKSHEETS

ग) विशेषण

घ) सर्वनाम

5- 'इंद्रधनुष का जो बाहरी हिस्सा लाल रंग का दिखाई देता है'

पंक्ति के आधार पर गद्यांश में से सही कर्म चुनिए

इंद्रधनुष के रंगों का सही क्रम चुनिए -

क) लाल, नारंगी, पीला, हरा, गहरा नीला, नीला, बैंगनी

ख) लाल, नारंगी, हरा, नीला, पीला, गहरा नीला, बैंगनी

ग) लाल, हरा, नीला, गहरा नीला, बैंगनी, पीला, नारंगी

घ) लाल, नारंगी, पीला, हरा, नीला, गहरा नीला, बैंगनी

**प्रश्न 2 - निम्नलिखित वाक्य पढ़ कर उचित सर्वनाम चुनिए-**

क) राजू ने____________ माता-पिता के लिए उपहार लिया।

अपने उन्होंने किन्होंने उन्हें

ख) सुमन बिहार ____________ घर जा रही है?

आप तुम किसके मैं

ग) प्रीति ___________ लिए किताब लाई।

उन्होंने मेरे तुमने राजू

घ) क्या ____________ खाना खाया?

आपने तुम उसके मैं

LIVEWORKSHEETS

**प्रश्न 3- कविता 'सुबह' में किसे अच्छा गुण कहा गया है?**

क) मेहनत को अपना लेना

ख) आलस को अपना लेना

ग) मेहनत को त्याग देना

घ) अंधकार को अपना लेना

**प्रश्न 4- निम्नलिखित पंक्तियों में से पाठ के आधार पर सही पंक्ति को चुनिए –**

क) नन्हें का जन्म 02 अक्टूबर 1905 उत्तर प्रदेश के शेखसराय कस्बे में हुआ था।

ख) नन्हें का जन्म 02 अक्टूबर 1904 उत्तर प्रदेश के शेखसराय कस्बे हुआ था।

ग) नन्हें का जन्म 02 अक्टूबर 1905 उत्तर प्रदेश के कस्बे मुगलसराय में हुआ था।

घ) नन्हें का जन्म 02 अक्टूबर 1904 उत्तर प्रदेश के कस्बे मुगलसराय में हुआ था।

LIVEWORKSHEETS

**प्रश्न 5- पाठ के आधार पर निम्नलिखित पंक्तियों में से सही पंक्ति के आगे ✔ का निशान लगाए**

क) कमाल की बात तो यह है कि बच्चों की बनाई मूर्तियों का एक ही रूप होता है।

ख) दीपावली के पर्व पर छोटे-बड़े दिए बनाते हैं।

ग) बाल भवन में केवल हस्तकला मुख्य है।

घ) कभी-कभी बच्चे भी बड़ों की तरह त्योहार में नवीनता नहीं देख पाते।

**प्रश्न 6- पाठ के अनुसार पंक्तियों का सही कर्म चुनिए-**

1. पहले मेरे प्राण नहीं लेने का वचन दें।
2. उसका मुँह लटका हुआ था।
3. हुज़ूर लिख कर बताऊँ या ज़ुबानी?
4. बीरबल बताओ दुनिया में सबसे बड़ा मूर्ख कौन है?
5. अकबर ने वचन दे दिया।

क) 2, 4, 1, 5, 3

ख) 2, 4, 1, 3, 5

ग) 4, 1, 5, 3, 2

घ) 4, 2, 1, 5, 3

LIVEWORKSHEETS

**प्रश्न 7- कविता 'सवाली राम' की सही पंक्तियाँ चुनिए-**

क) मेघा जल बरसाते ऐसे,
इंद्रधनुष दिख जाते कैसे?

ख) मेघा पानी बरसाते कैसे,
इंद्रधनुष दिख जाते ऐसे।

ग) मेघा जल बरसाते कैसे?
इंद्रधनुष दिख जाते कैसे?

घ) मेघा पानी बरसते कैसे?
इंद्रधनुष दिखत कैसे?

**प्रश्न 8 -निम्नलिखित शब्दों को उनके समान अर्थ से मिलाएँ-**

रवि धरा पवन हुक्म

1. हवा - ________________________
2. धरती - ______________________
3. आदेश - ________________________
4. सूर्य - __________________________

**प्रश्न 9- निम्नलिखित शब्दों के उचित विपरीत शब्द चुनिए-**

1. अंधकार

चाँद रात प्रकाश सोना

2. दुर्गुण

LIVEWORKSHEETS

बुराई आलस नकारा सद्‌गुण

**प्रश्न 10- निम्नलिखित कहानी पढ़ कर कहानी में आए विशेषण चुनिए-**

एक बार तेज़ धूप में प्रीति अपनी मासूम बिल्ली के साथ गरम-गरम खाना खा रही थी। अचानक वहाँ एक बहुत गरीब बिखारी आ गया और प्रीति से एक रोटी माँगने लगा। प्रीति के पास बस एक ही रोटी थी परंतु उसने बिखारी को ना नहीं कहा और अपने हिस्से की रोटी बिखारी को देदी।

रोटी बिल्ली मासूम तेज़ माँगने

एक रोटी खाना गरीब

**प्रश्न 11- निम्नलिखित चित्र को देख कर, चित्र में आई संज्ञा को चुनिए-**



LIVEWORKSHEETS

सूरज पेड़ बस्ता पहाड़ फूल किताब

लाल किला मेज़ घड़ी खिलौने चिड़िया

LIVEWORKSHEETS